आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)

बृहस्पतिवार 16.04.2026 समय 18.30

मुख्य समाचार :—

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम से जुड़े विधेयकों पर चर्चा के दौरान महिला भागीदारी पर दिया जोर।
- चारधाम यात्रा को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में, मुख्यमंत्री लगातार कर रहे मानिटरिंग।
- समाज कल्याण मंत्री खजान दास ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा की, कहा—योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समय पर पहुंचाएं।
- हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट की ओर से गंगोत्री धाम के लिए खाद्य सामग्री से भरा ट्रक रवाना किया गया।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश की 50 प्रतिशत आबादी को निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और नीति निर्माण में उन्हें उचित प्रतिनिधित्व देना समय की मांग है। श्री मोदी ने आज लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संवैधानिक संशोधन से संबंधित तीन महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा के दौरान ये बात कहीं। प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों से इस ऐतिहासिक विधेयक को राजनीतिक रंग न देने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह सभी के लिए और देश के लोकतंत्र के लिए लाभकारी होगा। श्री मोदी ने कहा कि इस विधेयक का विरोध करने वालों को भविष्य में इसके परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने कहा कि यह विधेयक देश की दिशा और भविष्य तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक विकसित भारत केवल बुनियादी ढांचे, रेलवे या आर्थिक संकेतकों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसमें महिलाओं की समान भागीदारी भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सरकार नीति निर्माण में 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना के साथ काम कर रही है।

चाररधाम यात्रा

उत्तराखंड में चारधाम यात्रा को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। राज्य सरकार इसे सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सुविधाजनक बनाने के लिए लगातार मॉनिटरिंग कर रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं इस पूरी प्रक्रिया की कमान संभाले हुए हैं और नियमित समीक्षा बैठकों के जरिए हर व्यवस्था पर नजर रख रहे हैं। मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यात्रा को "ग्रीन और क्लीन चारधाम" के रूप में आयोजित किया जाए। इसके तहत यात्रा मार्गों पर प्लास्टिक पर सख्त रोक, सफाई व्यवस्था और कचरा प्रबंधन को प्राथमिकता दी जा रही है। सरकार ने इस बार तकनीक का भी व्यापक उपयोग करने का निर्णय लिया है।

योजनाओं की समीक्षा

देहरादून में समाज कल्याण को लेकर सरकार गंभीर नजर आ रही है। कैबिनेट मंत्री खजान दास ने विभागीय अधिकारियों के साथ एक अहम बैठक कर योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और निर्देश दिए कि हर योजना का लाभ पात्र लोगों तक समय पर पहुंचे। मंत्री ने अधिकारियों से अब तक पूर्ण हो चुकी योजनाओं और उनके प्रभावी क्रियान्वयन की विस्तृत रिपोर्ट ली। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि हर योजना का लाभ सीधे पात्र व्यक्ति तक पहुंचे, कागजों में नहीं, जमीन पर दिखना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वर्तमान में चल रही योजनाओं को तय समयसीमा में पूरा किया जाए।

जनगणना प्रशिक्षण

टिहरी गढ़वाल में जनगणना के तहत स्वगणना को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि नागरिकों को स्वगणना के लिए आवश्यक तकनीकी सहयोग और मार्गदर्शन समय पर उपलब्ध कराया जाए। तहसील सभागार नई टिहरी में जनगणना का प्रशिक्षण दे रहे दिवाकर अन्थवाल ने बताया कि जिला मुख्यालय नई टिहरी में क्रीड़ा भवन और टिहरी तहसील सभागार दो स्थानों पर तीन दिवसीय जनगणना का प्रशिक्षण प्रशिक्षण दिया जा है।

प्रसाद गंगोत्री रवाना

हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट की ओर से गंगोत्री धाम के लिए खाद्य सामग्री से भरा ट्रक रवाना किया गया। चरण पादुका मंदिर परिसर से ये ट्रक विधिवत पूजा अर्चना के बाद गंगोत्री धाम के लिए भेजा गया, जहां मंदिर के कपाट खुलने पर इसी सामग्री से बने प्रसाद का विशेष भोग अर्पित किया जाएगा। इस मौके पर निरंजनी अखाड़े के सचिव महंत रामरतन गिरी ने ट्रक को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हर वर्ष गंगोत्री जी के लिए प्रथम भोग मनसा देवी ट्रस्ट की ओर से लगाया जाता है।

यातायात व्यवस्था

अल्मोड़ा में पर्यटन सीजन में वाहनों के अतिरिक्त दवाब के कारण बढ़ रहे जाम की समस्या को देखते हुए शहर की यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के लिए अल्मोड़ा पुलिस ने नई पहल शुरू की है।

अल्मोड़ा के पुलिस उपाधीक्षक बलवंत रावत ने कहा कि यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के लिए अल्मोड़ा में चौघानपाटा, केएमओयू स्टेशन, साईं मंदिर, फायर स्टेशन, और धारानौला में पीएसिस्टम लगा दिए गए हैं। इससे यातायात व्यवस्था को कंट्रोल रूम से नियंत्रित किया जाएगा।